प्रादेशिक समाचार
30.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

राज्य में शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े मामलों की जांच कर रही फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने **JSSC** से महत्वपूर्ण जानकारी मांगी है। समिति ने जिला, विषय और वर्गवार विज्ञापित पदों की संख्या तथा वर्तमान रिक्तियों का ब्यौरा उपलब्ध कराने को कहा है। संबंधित विभागों को आवश्यक आंकड़े शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। माना जा रहा है कि इससे नियुक्ति प्रक्रिया और रिक्त पदों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

****

देशभर के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित सीयूईटी–यूजी 2026 परीक्षा आज कुछ केंद्रों पर तकनीकी खराबी के कारण देरी से शुरू हुई। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने यह जानकारी दी। एनटीए के अनुसार, समस्या अब दूर कर ली गई है और सभी अभ्यर्थियों को पूरा प्रतिपूरक समय दिया जा रहा है, ताकि किसी भी अभ्यर्थी को नुकसान न हो। सहायता के लिए एनटीए ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है।

****

राज्य के गेतलसूद, तेनुघाट और मैथन सहित प्रमुख जलाशयों में मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के लिए केंद्रीय संस्थान मुंबई के वैज्ञानिक डॉ. श्रवण कुमार शर्मा ने क्षेत्रीय सर्वेक्षण किया है। उन्होंने जलाशयों में वैज्ञानिक तकनीक, उन्नत जाल और सौर ऊर्जा चालित नावों की जानकारी ली है। मत्स्य निदेशक अमरेंद्र कुमार के अनुसार, अब आधुनिक तकनीकों और मछुआरों के प्रशिक्षण से राज्य में पर्यावरण अनुकूल मत्स्य पालन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे मछुआरों की आजीविका में सुधार होने की प्रबल संभावना है।

****

देशभर में जून महीने के लिए बैंकों की छुट्टियों की सूची जारी कर दी गई है। झारखंड समेत विभिन्न राज्यों में त्योहारों, साप्ताहिक अवकाश और अन्य अवसरों को मिलाकर बैंक कुल 11 दिनों तक बंद रहेंगे। हालांकि, ऑनलाइन बैंकिंग और डिजिटल सेवाएं सामान्य रूप से उपलब्ध रहेंगी। ग्राहकों को सलाह दी गई है कि वे बैंक शाखाओं से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य समय रहते निपटा लें।

****

भ्रष्टाचार के एक मामले की जांच के तहत केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, सीबीआई ने आज एक बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने सीसीएल के रामगढ़ के गिद्दी सी परियोजना से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों समेत पांच लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की। जांच एजेंसी ने मामले से जुड़े दस्तावेज और अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। सीबीआई ने कहा है कि मामले की जांच जारी है और आगे भी कार्रवाई की जा सकती है।

****

चतरा जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। अनुमण्डल पुलिस अधिकारी नागरगोजे शुभम भाऊसाहेब ने बताया कि तस्करों के पास से एक किलो से अधिक मादक पदार्थ बरामद की गई है, जिसकी कीमत बाजार में करीब छह लाख रुपये है।

****

जामताड़ा जिले में एक ज्वेलरी व्यवसायी से लाखों रुपये मूल्य के सोना–चांदी के आभूषणों की लूट की गई है। पुलिस के अनुसार, फतेहपुर बाजार में हथियारबंद पांच अपराधियों ने व्यवसायी को रोककर गहनों से भरा बैग छीन लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

****

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने IPL में शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को सम्मानित करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वैभव को झारखंड स्वास्थ्य विभाग का ब्रांड एंबेसडर भी बनाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि इससे युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

****

जामताड़ा जिले में कल देर शाम से शुरू हुए राज्य स्तरीय बालिका वर्ग खो–खो प्रतियोगिता में 16 जिलों की टीम भाग ले रही है। जिला खो–खो संघ के उपाध्यक्ष चंचल भंडारी ने कहा कि तीन दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिता का आयोजन करना जामताड़ा के लिए गौरव का क्षण है।

********समाप्त********